Ans. (c) उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

83. निम्नलिखित में से कौन सा पश्चिमी राजस्थान में पाया जाने वाला बालुका स्तूप का प्रकार नहीं है?

(a) सीफ (b) बरखान
(c) बजादा (d) पेराबोलिक

RPSC-2022

Ans. (c) : पश्चिमी राजस्थान में पाये जाने वाले बालुका स्तूपों में प्रमुख है- अनुदैर्ध्य (सीफ), अनुप्रस्थ स्तूप, बरखान बालुका स्तूप (अर्द्ध चन्द्राकार), तारा बालुका स्तूप, पैराबोलिक बालुका स्तूप, नेटवर्क बालुका स्तूप। बजादा (Bajada) बालुका स्तूप का प्रकार नहीं है।

84. राजस्थान में स्थित थार मरूस्थल में कौन सा बालुका स्तूप का प्रकार नहीं है?

(a) पैराबोलिक (b) तारा
(c) बरखान (d) घोराउड

RPSC-2017

Ans. (d) : उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

85. सूची- I और सूची- II को सुमेलित करकेनीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए-

सूची-I उद्‌गम स्थल	**सूची-II नदी**
A. खमनौर की पहाड़ियाँ	i. कांतली
B. बैराठ की पहाड़ियाँ	ii. साबी
C. खण्डेला की पहाड़ियाँ	iii. बनास
D. सेवर की पहाड़ियाँ	iv. बाणगंगा

कूट :

	a	b	c	d
(1)	i	iii	ii	iv
(2)	iii	iv	i	ii
(3)	iv	iii	i	ii
(4)	ii	i	iii	iv

RPSC-2022

Ans. (b) : सही सुमेलन इस प्रकार है।

उदगम स्थल	-	**नदी**
खमनौर की पहाडियाँ	-	बनास
बैराठ की पहाडियाँ	-	बाणगंगा
खण्डेला की पहाडियाँ	-	कांतली
सेवर की पहाडियाँ	-	साबी

86. राजस्थान में कौन से जिलों में जनसंख्या घनत्व 100 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर से कम पाया जाता है? (जनगणना 2011 के अनुसार)

(a) जैसलमेर, बाड़मेर एवं जालौर
(b) जैसलमेर बाड़मेर एवं जोधपुर
(c) जैसलमेर, बाड़मेर एवं पाली
(d) जैसलमेर, बाड़मेर एवं बीकानेर

RPSC-2020

Ans. (d) : जनगणना 2011 के अनुसार राजस्थान राज्य का जन घनत्व 200 व्यक्ति प्रतिवर्ग किमी है। राजस्थान के जैसलमेर (17), बीकानेर (78) और बाड़मेर (92) जिले का जनघनत्व 100 से कम है। राजस्थान में जयपुर जिले का जनघनत्व (595) सर्वाधिक है। जबकि जैसलमेर का न्यूनतम (17) है।

87. निम्न में से राजस्थान में कौन सा क्षेत्र बालुका स्तूप मुक्त है?

(a) शेरगढ़- शिव (b) ओसियाँ- शेरगढ़
(c) बायतू- चोहटन (d) फलौदी- पोकरण

RPSC-2017

Ans. (d) : राजस्थान में फलौदी-पोकरण क्षेत्र बालुका स्तूप मुक्त क्षेत्र है।

88. राजस्थान में निम्न में से कौन से जिले मुख्यतः बीहड़ प्रभावित हैं?

(a) कोटा, सवाई माधोपुर, धौलपुर
(b) बाँसवाड़ा, डूँगरपुर, जैसलमेर
(c) भीलवाड़ा, डूँगरपुर, राजसमन्द
(d) अजमेर, भीलवाड़ा, पाली

RPSC-2017

Ans. (a) : राजस्थान में कोटा सवाई माधोपुर एवं धौलपुर जिले बीहड़ से प्रभावित है। राजस्थान में बीहड़ भूमि का सर्वाधिक विस्तार धौलपुर जिला में है।

89. राजस्थान में सर्दी की वर्षा कहलाती है

(a) काल बैसाखी (b) आम्र वर्षा
(c) मावठ (d) नॉर्वेस्टर

RPSC-2017

Ans. (c) : राजस्थान में शीत ऋतु नवम्बर से फरवरी तक होती है। शीतकाल में भूमध्यसागर में चक्रवातों के कारण राजस्थान के उत्तरी-पश्चिमी भाग में मावठ नामक वर्षा होती है।

90. निम्न में से कौन सी पहाड़याँ मध्य अरावली श्रेणी में स्थित हैं?

(a) मेरवाड़ा पहाड़ियाँ (b) रोजा भाखर पहाड़ियाँ
(c) इसराना भाखर पहाड़ियाँ (d) गिर्वा पहाड़ियाँ

RPSC-2017

Ans. (a) : मेरवाड़ा की पहाड़ियाँ मध्य अरावली श्रेणी में अवस्थित है। मेरवाड़ा की पहाड़ियाँ अरावली पर्वत श्रृंखला का ही एक भाग है। यह मारवाड़ा के मैदान को मेवाड़ के उच्च पठार से अलग करती है।

91. मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व राज्य के किन चार जिलों में फैला होगा?

(a) कोटा, बूंदी, बारां, टोंक
(b) कोटा, बूंदी, चित्तौड़गढ़, झालावाड़
(c) कोटा, बारां, झालावाड़, सवाई माधोपुर
(d) कोटा, बूंदी, बारां, झालावाड़

RPSC ST-81 G.K. & Horticulture 28-10-2018

Ans. (b) : मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व राजस्थान राज्य के 4 जिलों– कोटा, बूंदी, चित्तौड़गढ़ और झालावाड़ में फैला हुआ है। यह टाइगर रिजर्व लगभग 759 वर्ग किमी. क्षेत्र को कवर करता है। वर्तमान में राजस्थान में 4 टाइगर रिजर्व है–